University in News on 02 January 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

पीएचडी में प्रवेश के लिए आज से आवेदन

लविवि : 39 विषयों में पीएचडी की 898 नियमित व 58 पार्टटाइम सीटें

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने 39 विषयों में 898 नियमित और 58 पार्टटाइम सीटों पर प्रवेश के लिए सोमवार को विज्ञापन जारी कर दिया। अभ्यर्थी मंगलवार से विवि की वेबसाइट पर आवेदन फॉर्म भर सकेंगे। सामान्य वर्ग व ओबीसी के अभ्यर्थियों को दो हजार आवेदन शुल्क और एससी-एसटी व दिव्यांग वर्ग के अभ्यर्थियों को एक हजार आवेदन शुल्क जमा करना होगा। आवेदन से पूर्व अभ्यर्थी को एलयूआरएन पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 जनवरी

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत विवि ने विभागों में विषयवार खाली सीटों का विवरण जारी कर दिया हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के एडमिशन पेज में जाकर आवेदन कर सकते हैं। किसी तरह की समस्या होने पर प्रवेश समन्वयक कार्यालय में अथवा फोन नंबर 0522 4150500 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा मोबाइल पर लविवि का एप डाउनलोड कर भी फॉर्म भर सकते हैं। फॉर्म भरते समय अभ्यर्थी को 50 केबी की फोटो और सिग्नेचर स्कैन माध्यम से अपलोड करनी होगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि प्रवेश फॉर्म की फीस ऑनलाइन जमा करने के बाद 72 घंटे के पहले दोबारा फीस न जमा करें।

लविवि व कॉलेजों में नियमित व पार्टटाइम पीएचडी की सीटों की संख्या

विभाग	विवि	कॉलेजेज	पार्टटाइम
एआईएच	18	30	3
मानवशास्त्र	5	5	1
व्यावहारिक अर्थशास्त्र	16	8	10
अरब कल्चर	1	13	3
अरेबिक	3	2	1
बायो केमिस्ट्री	2	0	0
वनस्पति विज्ञान	35	1	4
व्यापार प्रशासन	11	3	1
रसायन विज्ञान	43	6	5
कामर्स	17	36	0
डिफेंस स्टडीज	0	2	0
अर्थशास्त्र	16	18	1
शिक्षा शास्त्र	17	47	8
अंग्रेजी	3	16	0
फ्रेंच	1	1	0
भूगोल	0	15	0
भू विज्ञान	8	0	2
हिंदी	10	83	1
गृह विज्ञान	0	5	0
पत्रकारिता	4	0	1

विभाग	विवि	कॉलेजेज	पार्टटाइम
विधि (लॉ)	28	24	2
भाषा विज्ञान	1	0	0
गणित	12	0	0
एमआईएच	0	18	0
प्राच्य संस्कृत	2	0	0
परशियन	3	0	0
दर्शनशास्त्र	2	6	0
शारीरिक शिक्षा	0	22	0
भौतिक विज्ञान	49	29	6
राजनीति विज्ञान	5	47	0
मनोविज्ञान	1	5	0
लोक प्रशासन	3	0	0
संस्कृत	3	24	0
समाज कार्य	7	2	0
समाज शास्त्र	14	37	0
सांख्यिकी	6	1	6
उर्दू	1	2	0
पाश्चात्य इतिहास	7	8	1
जंतु विज्ञान	18	11	2
कुल	372	526	58

नए साल में कॉलेजों में शुरू होंगे पीएचडी व पीजी कोर्स

संवाद न्यूज एजेंसी

पाठ्यक्रम की मान्यता और अध्यादेश की मंजूरी के लिए लविवि को भेजा आवेदन

लखनऊ। लविवि से सहयुक्त कई कॉलजों में वर्ष 2024 में पीएचडी व परास्नातक पाठ्यक्रम शुरू होंगे। इसके लिए कॉलेजों की ओर से विश्वविद्यालय को मान्यता के लिए आवेदन पत्र भेजने के साथ समस्त जरूरी औपचारिकता पूरी कर ली गई है। अब 31 जनवरी के बाद विवि इसके लिए ऑनलाइन अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करेगा। इसके बाद यह प्रक्रिया आगे बढ़ेगी और अप्रैल के अंत तक कॉलेजों को पाठ्यक्रमों की संबद्धता मिल जाएगी।

नए पाठ्यक्रमों को शुरू करने की मान्यता के क्रम में शहर के एक मात्र स्वायत्त कॉलेज नेशनल पीजी कॉलेज ने महाविद्यालय में पीएचडी शुरू करने के लिए अपना पीएचडी अध्यादेश तैयार कर लिया है। साथ ही मंजूरी के लिए लविवि प्रशासन को भेज भी दिया है। अध्यादेश को स्वीकृति मिलते ही छात्राएं यहां से पीएचडी कर पाएंगे। इसके अलावा अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज ने भी अपने यहां एमकॉम पाठ्यक्रम व अटल बिहारी बाजपेई नगर निगम डिग्री कॉलेज ने एमए व एमकॉम की मान्यता के लिए विवि में आवेदन किया है।

एजीडीसी की प्राचार्य प्रो. बीना राय ने बताया कि हमने पाठ्यक्रम की मान्यता की प्रारंभिक औपचारिकता पूरी करते हुए आवेदन किया है। अब विवि की विजिट करेगी और इसके बाद आगे प्रक्रिया होगी।

नगर निगम कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुभाष चंद्र पांडेय ने बताया कि उनके यहां अभी तक स्नातक के कार्यक्रम संचालित हैं। वह 2024 में पीजी के पाठ्यक्रम कॉलेज में शुरू करेंगे। इसके जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

NBT PAGE 4

LURN होगा अनिवार्य

LU : पीएचडी में 22 तक आवेदन

रेगुलर में 898 और पार्ट टाइम पीएचडी में 58 सीटों पर होने हैं ऐडमिशन

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊ

एलयू में रेगुलर और पार्ट टाइम पीएचडी के लिए आवेदन मंगलवार से शुरू हो जाएंगे। सीटों का ब्योरा भी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। आवेदन से पहले एलयूआरएन अनिवार्य किया गया है।

एलयू प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सत्र 2023-24 के लिए पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके लिए एलयूआरएन पहले ही शुरू हो चुका है। आवेदन के लिए एलयू की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के एडमिशन पेज पर जाना होगा। 39 विषयों में रेगुलर पीएचडी की 898 सीटें हैं। रेगुलर पीएचडी में सबसे अधिक 93 सीटें हिंदी में हैं। इसके बाद भौतिक विज्ञान में 78, शिक्षाशास्त्र में 64, वाणिज्य में 53, राजनीतिक विज्ञान में 52, विधि में 52 सीटें हैं। वहीं पार्ट टाइम में 58 सीटें हैं। सबसे अधिक व्यावहारिक अर्थशास्त्र में 10 और शिक्षा शास्त्र में 8 हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 22 जनवरी तय की गई है।

ऐप के जरिए भी भर सकते हैं फॉर्म

अभ्यर्थी को एलयू की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाना होगा। इसके बाद पीएचडी एडमिशन पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही विवि का ऐप डाउनलोड करके फॉर्म भरा जा सकता है। इस दौरान एलयूआरएन पंजीकरण संख्या भरना अनिवार्य है। किसी प्रकार की समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबर 0522-4150500 पर सुबह 10 से शाम 6 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

रेगुलर और पार्ट टाइम सीटें

विषय	रेगुलर सीटें	पार्ट टाइम सीटें
एआईएच	48	3
मानवशास्त्र	10	1
व्यावहारिक अर्थशास्त्र	24	10
अरब कल्चर	14	3
अरेबिक	5	1
जीव रसायन	2	0
वनस्पति विज्ञान	36	4
व्यापार प्रशासन	14	1
रसायन विज्ञान	49	5
वाणिज्य	53	0
रक्षा अध्ययन	2	0
अर्थशास्त्र	34	1
शिक्षाशास्त्र	64	8
अंग्रेजी	19	0
फ्रेंच	1	0
भूगोल	15	0
भूविज्ञान विभाग	8	2
हिन्दी	93	1
गृह विज्ञान	5	0
पत्रकारिता	4	1
विधि	52	2
भाषा विज्ञान	1	0
गणित	12	0
एमआईएच	18	0
ओरिएंटल संस्कृत	2	0
परशियन	3	0
दर्शनशास्त्र	8	0
शारीरिक शिक्षा	22	0
भौतिक विज्ञान	78	6
राजनीतिक विज्ञान	52	0
मनोविज्ञान	6	0
लोक प्रशासन	3	0
संस्कृत	27	0
समाजकार्य	9	0
समाजशास्त्र	51	0
सांख्यिकी	7	6
उर्दू	3	0
पाश्चात्य इतिहास	15	1
जन्तु विज्ञान	29	2

बीबीएयू कराएगा फुलटाइम स्पॉन्सर्ड पीएचडी

सरकारी,अर्धसरकारी,स्वायत्त संगठनों,सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज,अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं,प्रतिष्ठित उद्योग, व्यावसायिक संगठन अपने कर्मचारी को स्पॉन्सर कर सकते हैं पीएचडी

Rishi.Sengar@timesgroup.com

लखनऊ: बीबीएयू अब फुलटाइम स्पॉन्सर्ड पीएचडी भी कराएगा। विश्वविद्यालय के पीएचडी ड्राफ्ट में इस व्यवस्था को शामिल कर लिया गया है। हालांकि स्पॉन्सर्ड पीएचडी की फीस क्या होगी,इसके बारे में अभी निर्णय बाकी है। बीबीएयू में कुछ दिनों पहले एकेडमिक काउंसिल की बैठक हुई थी। उसमें फुलटाइम स्पॉन्सर्ड पीएचडी का प्रस्ताव रखा गया। प्रस्ताव पर एकेडमिक काउंसिल ने मुहर लगा दी। बीबीएयू के रजिस्ट्रार अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि यह पहले बार है कि जब बीबीएयू ने फुलटाइम स्पॉन्सर्ड पीएचडी कराने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि सरकारी,अर्धसरकारी,स्वायत संगठनों, सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज, अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं, प्रतिष्ठित उद्योग और व्यावसायिक संगठन अपने कर्मचारी को पीएचडी स्पॉन्सर कर सकते हैं। व्यावसायिक संगठनों के लिए आवश्यक है कि वह कंपनी अधिनियम के तहत पंजीकृत और स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने चाहिए। तभी वह अपने कर्मचारी को बीबीएयू में पीएचडी स्पॉन्सर्ड कर सकते हैं। यही नहीं उनका सालाना टर्नओवर 50 करोड़ रुपये से कम नहीं होना चाहिए। कोई भी अर्निंग्स/नेशन के एडमिशन पेज पर जाना होगा। 39 विषयों में रेगुलर पीएचडी की 898 सीटें हैं। रेगुलर पीएचडी में सबसे अधिक 93 सीटें हिंदी में हैं। इसके बाद भौतिक विज्ञान में 78, शिक्षाशास्त्र में 64, वाणिज्य में 53, राजनीतिक विज्ञान में 52, विधि में 52 सीटें हैं। वहीं पार्ट टाइम में 58 सीटें हैं। सबसे अधिक व्यावहारिक अर्थशास्त्र में 10 और शिक्षा शास्त्र में 8 हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 22 जनवरी तय की गई है।

240 दिन की मैटरनिटी और चाइल्ड केयर लीव

महिला रिसर्च स्कॉलर को पीएचडी पूरी करने के दौरान अधिकतम 240 दिन की मैटरनिटी और चाइल्ड केयर लीव दी जाएगी। पुनः पंजीकरण की प्रक्रिया के माध्यम से अधिकतम दो वर्ष का अतिरिक्त समय दिया जा सकता है।

NBT Lens — सम्बंधित खबरों के अंदर की बात

बीबीएयू को क्या होगा फायदा?

बीबीएयू फुलटाइम स्पॉन्सर्ड पीएचडी कराने जा रहा है। इससे नौकरीपेशा लोगों और बीबीएयू दोनों को फायदा होगा। ऐसे लोग जो नौकरी करते हुए पीएचडी नहीं कर पाते थे,उन्हें विशेष रूप से मौका दिया जा रहा है। यही नहीं उनकी पीएचडी स्पॉन्सर्ड होगी, जिसके चलते उनके ऊपर आर्थिक दबाव नहीं होगा। इसके अलावा स्पॉन्सर्ड पीएचडी स्कॉलर मिलने से बीबीएयू को अतिरिक्त आर्थिक फायदा होगा। वहीं इंडस्ट्री व अन्य व्यवहारिक समस्याओं से जुड़े मुद्दों पर शोध होगा। जिससे कई फायदे भी होंगे। क्वालिटी रिसर्च से नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर बीबीएयू को पहचान मिलेगी। यही नहीं इसी बहाने बीबीएयू के इंडस्ट्रीज से अच्छे संबंध हो जाएंगे। जिससे चलते बीबीएयू को अपने स्टूडेंट्स का कैंपस प्लेसमेंट कराने में भी आसानी होगी।

RAHSTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया शुरू

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2023-24 की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत विषयवार रिक्त सीटों का विवरण जारी कर दिया है। 02 जनवरी 2024 के अपराह्न से लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पीएचडी एडमिशन में जाकर आवेदन कर सकते है। हालांकि अभी यह नहीं बताया जा रहा है कि यह एडमिशन 2020 ऑर्डिनेंस के तहत होंगे या फिर 2023 के जो अभी तक अप्रूव होकर सामने नहीं आया है। सूत्र बताते है कि कुछ बदलाव के लिए नवंबर में गया 2023 का ऑर्डिनेंस अभी तक अप्रूव नहीं हो पाया है। सत्र 2023-24 के लिए विश्वविद्यालय 39 विषयों में रेगुलर पीएचडी की 898 एवं पार्ट टाइम पीएचडी की 58 सीटों के लिए विज्ञापन जारी किया है। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया में ऑनलाइन प्रवेश फार्म भरने की अंतिम तिथि 22 जनवरी 2024 है।

कुलपति ने न्यूज लेटर का किया विमोचन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने व्यावहारिक अर्थशास्त्र विभाग की ओर से तैयार किए गए विभाग के न्यूज लेटर 'एप्लाइड इकोनॉमिक्स टाइम्स' का विमोचन किया। कुलपति द्वारा विभाग की इस अनूठी पहल की सराहना भी की गई। न्यूज लेटर के इस पहले संस्करण में विभाग दिसंबर 2023 में हुई शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविविधियों को प्रकाशित किया गया है। इसके अलावा प्रो. राजीव कुमार माहेश्वरी एवं डॉ. जय लक्ष्मी शर्मा के रिसर्च पेपर्स एवं ऑल इंडिया कॉमर्स संगोष्ठी का उल्लेख किया गया है। कार्यक्रम में विभाग की अध्यक्ष प्रो. अर्चना सिंह, चीफ एडिटर डॉ. दीपक वर्मा, प्रो. अनूप कुमार सिंह उपस्थित रहे। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 6

पीएचडी में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया आज से

दाखिले

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय और सम्बद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2023-24 पीएचडी पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पीएचडी में प्रवेश के लिए आवेदन दो जनवरी से शुरू होगा। विश्वविद्यालय की वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन 22 जनवरी तक किया जाएगा।

एलयू और सम्बद्ध कॉलेजों में 39 विषयों की कुल रेगुलर 898 सीटों पर प्रवेश लिया जाएगा। वहीं पार्ट टाइम पीएचडी की 58 सीटों के लिए आवेदन किया जा सकता है। रेगुलर सीटों के अन्तर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय में 372 और सम्बद्ध महाविद्यालयों में 526 पीएचडी की रिक्त सीटें हैं। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विषयवार सीटों का विवरण जारी कर दिया गया है।

विश्वविद्यालय प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीएचडी आवेदन फार्म भरने से पूर्व प्रत्येक अभ्यर्थी को एलयूआरएन पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

अभ्यर्थी के फोटो स्कैन की कॉपी 50 केबी के अन्दर हो। हस्ताक्षर स्कैन की कॉपी भी 50 केबी के अन्दर होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि प्रवेश फार्म की फीस ऑनलाइन जमा करने के बाद 72 के पहले दोबारा फीस जमा न करें।

22 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे

हेल्पलाइन नम्बर जारी: पीएचडी सत्र 2023-24 प्रवेश प्रक्रिया के लिए विश्वविद्यालय ने हेल्पलाइन नम्बर पर जारी किया है। प्रवेश आवेदन में यदि किसी छात्र को कोई समस्या आती है तो हेल्पलाइन नम्बर 0522-4150500 पर सुबह 10 बजे से शाम छह तक संपर्क कर सकते हैं।

17 विषयों में कर सकेंगे पार्ट टाइम पीएचडी

लखनऊ विश्वविद्यालय में 39 विषयों में पीएचडी सीटों का विवरण जारी किया है। जिनमें 17 विषय ऐसे हैं जिनमें अभ्यर्थी पार्ट टाइम पीएचडीके लिए आवेदन कर सकते हैं। पार्ट टाइम पीएचडी में कुल 58 सीट रिक्त हैं। जिनमें एआईएच में तीन, मानव शास्त्र में एक, व्यवहारिक अर्थशास्त्र में 10, अरब कल्चर में तीन, अरेबिक में एक, वनस्पति विज्ञान में चार, व्यापार प्रशासन की एक, रसायन विज्ञानन की पांच, अर्थशास्त्र की एक, शिक्षा शास्त्र की आठ, भू-विज्ञान में दो, पत्रकारिता में एक, विधि में दो समेत अन्य में आवेदन कर सकते हैं।

एलयू में न्यूज लेटर का विमोचन

लखनऊ। नववर्ष 2024 के पहले दिन सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने व्यावहारिक अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा तैयार किया गया विभाग का न्यूज लेटर एप्लाइड इकोनॉमिक्स टाइम्स का विमोचन किया। न्यूज लेटर के इस प्रथम संस्करण में दिसंबर माह 2023 में आयोजित शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविविधिओ को प्रकाशित किया गया है। जिसमें विकसित भारत अभियान समेत अन्य विषयों का उल्लेख किया है।

i-NEXT PAGE 5

पीएचडी के ऑनलाइन आवेदन 22 तक होंगे

एलयू में आज से शुरू हो रहे हैं पीएचडी के आवेदन

LUCKNOW (1 Jan): लखनऊ यूनिवर्सिटी और संबद्ध डिग्री कॉलेजों में सत्र 2023-24 पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. पीएचडी में आवेदन 2 जनवरी से शुरू होकर 22 जनवरी तक चलेंगे. लखनऊ विश्वविद्यालय व कॉलेजों में 39 सब्जेक्ट्स की रेगुलर 898 सीटों पर दाखिला होगा. वहीं, पार्ट टाइम पीएचडी की 58 सीटों के लिए आवेदन किया जा सकता है. रेगुलर सीटों की बात करें तो एलयू में 372 और एफिलएटेड कॉलेजों में 526 सीटों पर अप्लाई किया जा सकता है. लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सीटों का ब्यौरा देखा जा सकता है.

AMRIT VICHAR PAGE 4

एप्लाइड इकोनॉमिक्स टाइम्स पत्रिका का विमोचन करते लविवि के कुलपति आलोक कुमार राय, साथ में अन्य। अमृत विचार

लविवि के कुलपति ने पत्रिका का किया विमोचन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में व्यावहारिक अर्थशास्त्र विभाग द्वारा तैयार की गई एप्लाइड इकोनॉमिक्स टाइम्स पत्रिका का विमोचन लविवि के कुलपति आलोक कुमार राय द्वारा किया गया।

प्रथम संस्करण के विमोचन में शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविविधियों को प्रकाशित किया गया। मुख्यतः विकसित भारत अभियान, दीक्षांत समारोह के अन्तर्गत उद्भव सांस्कृतिक कार्यक्रम, शैक्षिक सम्मिलित की गई हैं। पत्रिका विमोचन के दौरान प्रो. विमल जायसवाल, प्रो. राजीव कुमार माहेश्वरी, डॉ. जय लक्ष्मी शर्मा, प्रो. अर्चना सिंह, डॉ. दीपक वर्मा और प्रो. अनूप कुमार सिंह उपस्थित रहे।

39 विषयों के लिए भरी जाएंगी 956 सीटें

आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 जनवरी की गई निर्धारित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विवि में 39 विषयों के लिए 956 सीटें निर्धारित की गई हैं, इन्हें भरा जाना है। रिक्त सीटों का विवरण पोर्टल पर उपलब्ध कराकर लविवि प्रशासन ने आवेदन की तिथि भी घोषित कर दी है।

लखनऊ विवि ने सत्र 2023-24 की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में विषयवार रिक्त सीटों का विवरण जारी कर दिया है। लखनऊ विवि की वेबसाइट पर जाकर आवेदन भी किया जा सकता हैं। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि विवि में 39 विषयों में संस्थागत पीएचडी की 898 एवं पार्ट टाइम पीएचडी की 58 सीटों के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। प्रवेश प्रक्रिया में ऑनलाइन प्रवेश फार्म भरने की अंतिम तिथि 22 जनवरी निर्धारित है। छात्र विवि के वेबसाइड पर अपना आवेदन कर सकते हैं।

आरक्षण के लिए प्रमाण पत्र आवश्यक : जिस किसी अभ्यर्थी को आरक्षण लेना है, उसे प्रमाणपत्र की स्कैन कॉपी आवेदन के साथ संलग्न करनी होंगी। फोटो और हस्ताक्षर का ध्यान रखना आवश्यक है।

सक्रियता

- पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के लिए रिक्त सीटों का विवरण जारी

इनका भी रखना होगा ध्यान

पीएचडी एडमिशन फार्म भरने के पहले प्रत्येक अभ्यर्थी को पंजीकरण करना अनिवार्य है। इसके लिए अभ्यर्थी के लिए एडमीशन पेज पर जाकर पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करनी होंगी।

दोबारा फीस न जमा करें

लविवि की वेबसाइट के सहारे प्रवेश फार्म की फीस जमा की जानी है। विवि प्रशासन का कहना है कि 72 घंटे के पहले पुन : फीस नहीं जमा करनी है। समस्या आने पर विवि प्रशासन ने अपना नंबर भी साझा किया है।

लविवि के व्यावहारिक अर्थशास्त्र विभाग की ओर से तैयार किए गए न्यूज लेटर एप्लाइड इकोनोमिक्स टाइम्स का कुलपति प्रो. आलोक राय ने विमोचन किया। पहला संस्करण दिसबर 2023 मे आयोजित शैक्षिक और सांस्कृतिक गतिविधियो को प्रकाशित किया गया। न्यूज लेटर की मैनेजिंग एडिटर व व्यावहारिक अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रो. अर्चना सिंह, डा. दीपक वर्मा, सलाहकार प्रो. अनूप कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। ● लवि

लखनऊ विश्वविद्यालय के अरबी और फारसी में प्राच्य अध्ययन विभाग के पूर्व छात्र डा. आरिफ इश्तियाक नदवी को दिल्ली यूनिवर्सिटी के सत्यवती कालेज के उर्दू विभाग में सहायक प्रोफेसर नियुक्त किया गया है। विभाग के उन्हे विभाग के शिक्षको ने बधाई दी ● लवि

JAGRAN CITY PAGE III

लवि में आज से भरे जाएंगे पीएचडी के प्रवेश फार्म

39 विषयों में 898 रेगुलर विषय और 58 सीटों पर पार्ट टाइम पीएच.डी में मिलेगा प्रवेश

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 की पीएच.डी प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए अभ्यर्थी दो से 22 जनवरी तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर आनलाइन प्रवेश फार्म भर सकते हैं। वेबसाइट के अलावा विश्वविद्यालय के मोबाइल एप से भी फार्म भरने की सुविधा रहेगी।

पीएच.डी के 39 विषयों में रेगुलर की 898 और पार्ट टाइम की 58 सीटों के लिए विज्ञापन निकाला गया है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर एडमिशन पेज के पीएच.डी एडमिशन में जाकर आवेदन किया जा सकता है। प्रवेश के लिए फार्म भरने से पहले हर अभ्यर्थी को लखनऊ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रेशन नंबर पर एलयूआरएन पंजीकरण कराना अनिवार्य है। आनलाइन फार्म भरते समय अभ्यर्थियों की फोटो की स्कैन कापी, सिग्नेचर और अन्य प्रमाणपत्र की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर होनी चाहिए। प्रवेश फार्म की फीस आनलाइन जमा करने के बाद 72 घंटे में दोबारा से फीस नहीं जमा करनी होगी। फार्म भरने में अगर कोई असुविधा हो रही है तो हेल्पलाइन 0522-4150500 पर सुबह 10 से शाम छह बजे तक अभ्यर्थी संपर्क भी कर सकते हैं।

पीएच.डी में रिक्त सीटें

विषय	विश्वविद्यालय में	संबद्ध कालेज में	कुल सीट	अंशकालिक सीटें
प्राचीन इतिहास	18	30	48	03
मानवशास्त्र	5	5	10	01
व्यावहारिक अर्थशास्त्र	16	8	24	10
अरब कल्चर	1	13	14	3
अरबिक	3	2	5	1
जीव रसायन	2	0	2	0
वनस्पति विज्ञान	35	1	36	4
व्यापार प्रशासन	11	3	14	1
रसायन विज्ञान	43	6	49	5
वाणिज्य	17	47	64	8
रक्षा अध्ययन	0	2	2	0
अर्थशास्त्र	16	18	34	1
शिक्षाशास्त्र	17	47	64	8
अंग्रेजी	3	16	19	0
फ्रेंच	1	0	1	0
भूगोल	0	15	15	0
भूविज्ञान विभाग	8	0	8	2
हिंदी	10	83	93	1
गृह विज्ञान	0	5	5	0
पत्रकारिता	4	0	4	1
विधि	28	24	52	2
भाषा विज्ञान	1	0	1	0
गणित	12	0	12	0
मध्यकालीन व आधुनिक इतिहास	0	18	18	0
पाल्य संस्कृत	2	0	2	0
परशियन	3	0	3	0
दर्शनशास्त्र	2	6	8	0
शारीरिक शिक्षा	0	22	22	0
भौतिक विज्ञान	49	29	78	6
राजनीति विज्ञान	5	47	52	0
मनोविज्ञान	1	5	6	0
लोक प्रशासन	3	0	3	0
संस्कृत	3	24	27	0
समाज कार्य	7	2	9	0
समाजशास्त्र	14	37	51	0
सांख्यिकी	6	1	7	6
उर्दू	1	2	3	0
पाश्चात्य इतिहास	7	8	15	1
जंतु विज्ञान	18	11	29	2

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

सहायक प्रोफेसर नियुक्त

स्वतंत्र भारत संवाददाता। अरबी और फारसी में प्राच्य अध्ययन विभाग के लिए यह बहुत खुशी की बात है कि हमारे पूर्व छात्र डॉ.आरिफ इश्तियाक नदवी को दिल्ली विश्वविद्यालय के सत्यवती कॉलेज नई दिल्ली के उर्दू विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर स्थायी रूप में नियुक्त किया गया है। हम उनके भावी भविष्य में सफलता की कामना करते हैं।

नववर्ष पर कुलपति ने एप्लाइड इकोनॉमिक्स टाइम्स का किया विमोचन

स्वतंत्र भारत संवाददाता। नववर्ष की पावन बेला पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने व्यावहारिक अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा तैयार किया गया विभाग का न्यूज लेटर, एप्लाइड इकोनॉमिक्स टाइम्स का विमोचन किया। कुलपति ने विभाग के द्वारा की गई इस अनूठी पहल की अत्यंत सराहना की। न्यूज़ लेटर के इस प्रथम संस्करण में दिसंबर माह 2023 में आयोजित शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रकाशित किया गया है। जिसमें मुख्यतः विकसित भारत अभियान, दीक्षांत समारोह के अन्तर्गत उद्भव सांस्कृतिक कार्यक्रम, शैक्षिक उपलब्धियों के अन्तर्गत प्रो.बिमल जयसवाल का कॉपी राइट, प्रो. राजीव कुमार माहेश्वरी एवं डॉ.जय लक्ष्मी शर्मा द्वारा प्रकाशित रिसर्च पेपर्स एवं ऑल इंडिया कॉमर्स संगोष्ठी जिसमें विभाग के शिक्षकों सम्मिलित हुए का उल्लेख किया गया है। न्यूज़ लेटर की मैनेजिंग एडिटर एवं व्यावहारिक अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रो.अर्चना सिंह, चीफ एडिटर डॉ.दीपक वर्मा, एडवाइज़र प्रो.अनूप कुमार सिंह भी विमोचन के समय उपस्थित रहे।

LOKSATYA PAGE 2

एप्लाइड इकोनॉमिक्स टाइंस' का विमोचन लविवि में हुआ

लखनऊ, लोकसत्य

नव वर्ष 2024 की पावन बेला पर आज लखनऊ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने व्यावहारिक अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा तैयार किया गया विभाग का न्यूज़ लेटर, 'एप्लाइड इकोनॉमिक्स टाइम्स' का विमोचन किया।

कुलपति ने विभाग के द्वारा की गई इस अनूठी पहल की अत्यंत सराहना की। न्यूज़ लेटर के इस प्रथम संस्करण में दिसंबर माह 2023 में आयोजित शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविविधिओ को प्रकाशित किया गया है। मुख्यतः विकसित भारत अभियान, दीक्षांत समारोह के अन्तर्गत उद्भव सांस्कृतिक कार्यक्रम, शैक्षिक उपलब्धियों के अन्तर्गत प्रो0 बिमल जयसवाल का कॉपी राइट, प्रो. राजीव कुमार माहेश्वरी एवं डॉ जय लक्ष्मी शर्मा द्वारा प्रकाशित रिसर्च पेपर्स एवं ऑल इंडिया कॉमर्स संगोष्ठी जिसमे विभाग के शिक्षकों सम्मिलित हुए, का उल्लेख किया गया है।

न्यूज़ लेटर की मैनेजिंग एडिटर एवं व्यावहारिक अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रो. अर्चना सिंह, चीफ एडिटर डॉ दीपक वर्मा, एडवाइज़र प्रो0 अनूप कुमार सिंह भी विमोचन के समय उपस्थित थे।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

लविवि ने पीएचडी सीटों का विवरण किया जारी

- लविवि ने 39 विषयों में रेगुलर पीएचडीकी 898 एवंपार्ट टाइम पीएचडीकी 58 सीटोंके लिए विज्ञापन किया जारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2023-24 की पीएचडी